समाचार-प्रकाशनार्थ:-

डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

रैली के माध्यम से नागरिकों को डेंगू के प्रति जागरूक किया

रतलाम 15 सितंबर । डेंगूए मलेरिया व वर्शा जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु षासन द्वारा 15 सितम्बर से चलाये जा रहे ष्डेंगू पर प्रहार अभियान’ ’ के तहत डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक रतलाम षहर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यपए कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तमए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया।

रैली नगर निगम परिसर से प्रारंभ होकर कालेज रोडए नाहरपुराए धानमण्डीए षहर सरायए लोकेन्द्र टॉकिजए महाराणा प्रताप चौक सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में पंहूची। रैली के साथ-साथ चार डबल बैरल की फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव किया गया साथ ही डेंगूए मलेरिया व वर्शा जनित बीमारियों से बचाव हेतु नागरिकों को जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान षासन द्वारा आरंभ किया गया है। यह अभियान डेंगू पर प्रहार अभियान के रूप में चलाया जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक मच्छरों की वृद्धि में कमी लाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह अभियान प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर  सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरेए एसडीएम श्री अभिशेक गेहलोतए उपायुक्त श्री विकास सोलंकीए सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारियाए कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यासए जी.के. जायसवालए श्री मोहम्मद हनीफ षेखए सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारीए जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 प्रमोद प्रजापतिए महिला एवं बाल विकास के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन
15 सितम्बर को 94 टन कचरा जुलवानिया पंहूचा

रतलाम 15 सितम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेªचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 15 सितम्बर बुधवार को 94 टन कचरा जुलवानिया टेªचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।
15 सितम्बर बुधवार को डम्पर व टेªक्टर से 54820ए काम्पेक्टर सूखा कचरा 35810ए काम्पेक्टर गीला 3920 व मैजिक 365 किलो इस तरह कुल 94915 किलो कचरा जुलवानिया टेªचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

35 लाख की लागत से संवरेगाए सुभाष शाँपिग काँम्पलेक्स मार्केट
निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण
रतलाम 15 सितम्बर । शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शाँपिग की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है।
सुभाष शाँपिग काँम्पलेक्स मेंें स्थित दुकानों की नीलामी के पूर्व पूरे मार्केट को नया स्वरुप देने के लिए कार्य की शुरुवात हो चुकी है। बुधवार दोपहर आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पूरे मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है।

सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत आवंटन की कार्रवाही की जाएगी। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा।

व्यस्थित पार्किग वाले इस मार्केट के समीप ही फोरलेनएबस स्टेण्ड परिसर सहित मार्केट में लिफ्ट का प्रावधान भी रखा गया है।

शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में 99 दुकानों का विक्रय किया जाना है। नीलामी के दौरान आरक्षण प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। इसी मार्केट में नगर निगम का कार्यालय भी खोला गया है। जहां इच्छुक खरीदार आकर निविदा की प्रक्रियाएआरक्षण और नियम व शर्तो की जानकारी ले सकते हैएसाथ ही यहां ई निविदा प्रक्रिया के चलते कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की गई ताकि इच्छुक खरीदार यहां से भी ई निविदा दर्ज करा सकते हैं।

शहर के व्यस्ततम मार्केट की दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए रतलाम शहर सहित इन्दौरए बडऩगरए बदनावरए उज्जैनए खाचरौद सहित आसपास के नगरों के व्यापारी भी दुकानों से जुड़ी जानकारी लेकर नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक है।

बुधवार को आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने मार्केट के निरीक्षण के दौरान यहां छत की मरम्मतए सफाईए पानी की व्यवस्थाए समीप के नाले की सफाईए पर्याप्त बिजली व्यवस्थाए दुकानों के टूटे शटरों की मरम्मत सहित आसपास की सरकारी जमीन पर काबिज अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।

इस मौके पर सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारियाए कार्यपालन यंत्री श्री जी. के. जायसवालए श्री सुरेशचन्द्र व्यासए सहायक यंत्री श्री श्याम कुमार सोनीए उपयंत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि होगी वसूल

रतलाम 15 सितम्बर । शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोडए सागोद रोडए महू रोडए स्टेशन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर 13 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ कर प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये।

नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

1341 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

रतलाम 15 सितम्बर । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानोए सड़कोए चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 15 सितम्बर तक

शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1341 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 15 सितम्बर को अलाकपुरीए नयागांवए सैलाना रोड आदि क्षेत्रों से 10 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम 15 सितम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार फॉगिंग मशीन प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 05ः30 से 08ः00 बजे तक व शाम को 06ः00 से रात 10ः00 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

1128 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए
पथ विक्रेता 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें

रतलाम 15 सितम्बर । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 10ए000ध् ब्याज मुक्त ऋण हेतु 2694 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 1395 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 1105 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 20ए000ध् ब्याज मुक्त ऋण हेतु 58 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 51 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 23 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र रतलाम के पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10ए000ध् का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी राशि रूपये 10ए000ध् का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त हो चुका है व जमा करा दिया है वे द्वितीय कार्यशील पूंजी राशि रूपये 20ए000ध् का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉलए डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्डए अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें।

ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुकए आधार कार्डए पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

## नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें

रतलाम 15 सितम्बर । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकोंए दुकानदारोए व्यावसायिक प्रतिश्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगायें एवं

सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दूकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग एकत्रित नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

## गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम 15 सितम्बर। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवरए हैल्परए वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घरए दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवरए हैल्परए वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरए दुकानए गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरए दुकानए गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों मंे वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारीए वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम 15 सितम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित हैए जिसके तहत वार्डो की सड़कए गलीए सार्वजनिक स्थलए नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारीए वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगीए कचरे के ढेरए नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारीए वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/15ण09ण2021ध्न.पा.निगमए रतलाम.